दैनिक
जयपुर टाइम्स

epaper.jaipurtimes.org
10 Dec 2024 - Page 7

कृषि की नई तकनीक के बारे में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स

बस्सी(निसं.)। कानोता कस्बे के साभरिया रोड़ पर स्थित राजकीय महाविद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र के तत्वाधान में कृषि में नई तकनीक का प्रयोग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.तौफीक हुसैन ने बताया कि इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता जेपी मीणा सहायक कृषि अधिकारी रहें। मीणा ने अपने व्याख्यान में कृषि की विभिन्न शाखों सेरीकल्चर,एपीकल्चर, हॉर्टिकल्चर,पीसी कल्चर, ड्रिप इरीगेशन जैविक खेती सहित आदि के विषय में विस्तार से बताया प्राचार्य डॉ तौफीक हुसैन ने कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा जारी की गई विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया और विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में रोजगार करने के लिए प्रेरित किया किया और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।